**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1178**
**दिनांक 11 फरवरी, 2025 / 22 माघ, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**केरल चेतावनी संकट और जोखिम प्रबंधन प्रणाली**

**†1178. श्री के. सुधाकरनः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार को केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विकसित केरल चेतावनी संकट और जोखिम प्रबंधन प्रणाली की जानकारी है;**

**(ख) क्या सरकार ने इस परियोजना के लिए कोई निधि प्रदान की है; और**

**(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ग): केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना को दो चरणों में लागू किया है। चरण-। में आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्य को शामिल किया गया था। चरण-॥ में यह परियोजना छह राज्यों गोवा, गुजरात, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में लागू की गई थी। परियोजना के निम्नलिखित चार घटक हैं:-

घटक कः पूर्व चेतावनी प्रसार प्रणाली (ईडब्ल्यूडीएस)

घटक खः चक्रवात जोखिम प्रशमन संबंधी अवसरंचना (सीआरएमआई)

घटक गः तकनीकी सहायता एवं क्षमता संवर्धन संबंधी प्रशिक्षण

घटक घः कार्यान्वयन संबंधी सहायता

घटक क के तहत, केरल राज्य सरकार ने ''कवचम" नामक एक ईडब्ल्यूडीएस परियोजना विकसित की है। एनसीआरएमपी चरण-॥ के तहत ईडब्ल्यूडीएस परियोजना के लिए केरल राज्य को 65.38 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

*****